दैनिक जागरण

डीपीएस में सोमवार को शिक्षिका को सम्मानित करते प्राचार्य आरडी शर्मा ● जागरण

शिक्षक दिवस पर विद्यालयों में कार्यक्रमों की रही धूम

- पूर्व राष्ट्रपति डा राधाकृष्णन को किया याद, दी श्रद्धांजलि
- बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम, कई प्रतियोगिताएं आयोजित

जासं, आसनसोल : शिक्षक दिवस के मौके पर आसनसोल के विभिन्न विद्यालयों व शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रमों की धूम मची रही। दिल्ली पब्लिक स्कूल आसानसोल में शिक्षक दिवस पर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों के माथे पर तिलक लगाकर व हस्तनिर्मित कार्ड्स भेंट कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों ने अभिनंदन गीत से किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने शास्त्रीय, पाश्चात्य व भांगड़ा जैसे संगीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुति देकर सबों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने छात्रों के कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा कहा कि शिक्षक लोगों को आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। देश के वास्तविक शिल्पकार शिक्षक ही होते हैं जो अपने शिष्यों को एक उचित सांचे में ढालकर राष्ट्र-निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कहा भी गया है कि अध्यापक हैं युग निर्माता, छात्र राष्ट्र के भाग्य विधाता। जिस देश में कर्तव्यपरायण और निष्ठावान शिक्षक होंगे उस देश की प्रगति जरूर होगी।